प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

24 फरवरी 2025

# गैर-सरकारी गैर-वित्तीय पब्लिक लिमिटेड कंपनियों का वित्त, 2023-24

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त, जो इन आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है, 2021-22 से 2023-24 तक तीन लेखा वर्षों के लिए भारतीय लेखा मानक (इंड-एएस) प्रारूप में रिपोर्ट किए गए 6,955 कंपनियों के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखा के आधार पर 2023-24 के दौरान गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ़) पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के वित्तीय कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े (https://cimsdbie.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Non-Government%20Non-Financial%20Public%20Limited%20Companies) जारी किए।

मार्च 2024 में इन कंपनियों की चुकता पूंजी (पीयूसी) ₹7,82,257 करोड़ थी, जो एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कुल पीयूसी का 55.7 प्रतिशत था।[1]

## मुख्य बातें

### बिक्री

- महामारी के बाद की बहाली की तुलना में चुनिंदा एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की शुद्ध बिक्री में वृद्धि घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई, जो पिछले वर्ष में 17.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि थी; विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की बिक्री वृद्धि भी पिछले वर्ष के दौरान दर्ज दोहरे अंकों की वृद्धि से 2023-24 के दौरान क्रमशः 4.1 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत तक घट गई (विवरण 1 और 11)।

- विनिर्माण क्षेत्र की बिक्री मुख्य रूप से 'धातु और धातु उत्पादों', 'रसायन, फार्मास्यूटिकल्स', 'कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों' की बिक्री में संकुचन से प्रभावित हुई (विवरण 11)।

### व्यय

- बिक्री वृद्धि में मंदी के अनुरूप, विनिर्माण व्यय के साथ-साथ कर्मचारियों के पारिश्रमिक में धीमी वृद्धि के कारण 2023-24 के दौरान परिचालन व्यय में 3.4 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की गई; यह नरमी विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में व्यापक आधार पर थी (विवरण 1 और 11)।

---

[1] शृंखला में जारी पिछले आंकड़े 2 अप्रैल 2024 को प्रकाशित किए गए थे। इसमें मार्च 2023 के अंत में ₹7,49,846 करोड़ (एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कुल पीयूसी का 52.8 प्रतिशत) के कुल पीयूसी के साथ वर्ष 2020-21 से 2022-23 के लिए 7,238 कंपनियों को शामिल किया गया।

**लाभ**

- बिक्री में कम वृद्धि के बावजूद, लागत युक्तिकरण से परिचालन लाभ में 2023-24 के दौरान 15.3 प्रतिशत की वृद्धि होने में मदद मिली, जबकि इसमें पिछले वर्ष के दौरान 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी; विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की परिचालन लाभ वृद्धि 2023-24 के दौरान क्रमशः 13.2 प्रतिशत और 15.5 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में (-) 3.9 प्रतिशत और 16.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी (विवरण 1 और 11)।

- 2023-24 के दौरान कर के बाद लाभ में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई; सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने विनिर्माण क्षेत्र (7.6 प्रतिशत) की तुलना में कर-पश्चात लाभ वृद्धि (38.1 प्रतिशत) बहुत अधिक दर्ज की (विवरण 1 और 11)।

- 2023-24 के दौरान प्रमुख क्षेत्रों में परिचालन लाभ मार्जिन के साथ-साथ शुद्ध लाभ मार्जिन में सुधार हुआ (विवरण 2 और 12)।

**लीवरेज**

- ऋण-से-इक्विटी अनुपात द्वारा मापी गई एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों का लीवरेज 2023-24 के दौरान मध्यम बना रहा (विवरण 2)।

- ब्याज कवरेज अनुपात[2] (आईसीआर) 2023-24 के दौरान सुधरकर 4.1 हो गया क्योंकि सकल लाभ में वृद्धि ब्याज व्यय में वृद्धि से आगे निकल गई; विनिर्माण कंपनियों की आईसीआर 6.3 पर स्थिर रही, जबकि सेवा कंपनियों के लिए यह मामूली रूप से सुधरकर 3.2 हो गई (विवरण 1, 2 और 12)।

**निधि के स्रोत एवं उपयोग**

- 2023-24 के दौरान पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के नमूना सेट की कुल निधि में आंतरिक स्रोतों की हिस्सेदारी दो-तिहाई से अधिक रही, जिसका मुख्य कारण आरक्षित निधि और अधिशेष में वृद्धि; और शेयर पूंजी प्रीमियम और चालू देयताओं द्वारा नीचे खींचे गए निधियों के बाह्य स्रोतों का हिस्सा था (विवरण 5ए)।

- 2023-24 के दौरान सकल अचल संपत्ति में 10.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई; विनिर्माण कंपनियों में, 'रसायन, फार्मास्यूटिकल्स', 'विद्युत उपकरण', 'मोटर वाहन और अन्य परिवहन वाहन' क्षेत्रों में अचल परिसंपत्तियों में उच्च वृद्धि दर्ज की गई (विवरण 1 और 11)।

विवरणों के लिए व्याख्यात्मक नोट अनुबंध में दिए गए हैं।

**अजीत प्रसाद**

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2244**

उप महाप्रबंधक (संचार)

---

[2] आईसीआर (अर्थात ब्याज और कर से पूर्व आय का ब्याज व्यय से अनुपात) किसी कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का माप है। परिवर्तनीय आईसीआर का न्यूनतम मान 1 है